THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

| | | |
|---|---|---|
| **DATE- 21/ 10 /2022**<br>**GRADE- 7 AB** | **TERM 1 EXAM [2022 -23 ]**<br>**HINDI[2ND Language]** | **Max marks- 40**<br>**Time – 2 Hrs** |

सामान्य निर्देश :
1. निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |
2. प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |

| प्रश्न | खंड – ' अ ' (वस्तुपरक प्रश्न) | अंक |
|---|---|---|
| **I** | नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए| | **5 marks** |
| | राजस्थान की धरती पर हुई यह जलक्रांति एक-दो नहीं करीब पन्द्रह सालों के कड़े संघर्ष और समाज की अथक मेहनत का नतीजा है। इस जलक्रांति को संभव बनाने में केंद्रीय भूमिका रही राजेन्द्र सिंह की। इनके प्रयासों की सुन्दर और अनूठी मिसाल हैं वे पाँच नदियाँ; जो दो दशक पहले सूख गई थीं, पर अब सदानीरा हो गई हैं। पारम्परिक तरीके से जल-प्रबन्धन का अद्भुत उदाहरण पेश करती इन नदियों ने कितने ही गाँवों की तस्वीर बदलकर रख दी है। अखरी, रुपारेल, सरसा, भगाणी और जहाज वाली नदी में फिर से बहता पानी इन गाँव के लोगों के जुझारू चरित्र का अद्भुत प्रमाण है। अलवर जिले में अपनी मेहनत से सूखी नदियों को फिर से पानीदार बनाने वाले गाँव के मेहनतकश लोगों ने इन्हें अपनी सम्पत्ति मान लिया है। | |
| **1.** | इस जल क्रांति को संभव बनाने में .......रही राजेन्द्र प्रसाद सिंह की। (वाक्य पूरा करो।)<br>**(a)** साधारण भूमिका<br>**(b)** केन्द्रीय भूमिका<br>**(c)** सहयोगी भूमिका<br>**(d)** विरोध करने की भूमिका | |
| **2.** | 'सदानीरा' का अर्थ है<br>**(a)** सूखी हुई नदी।<br>**(b)** जिस नदी में कभी-कभी पानी आए।<br>**(c)** जिस नदी में कभी-कभी पानी न आए।<br>**(d)** वह नदी, जिसमें सदा पानी बहता हो। | |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| **3.** | नदी में फिर से बहता पानी गाँव वालों के किस प्रकार के चरित्र को दर्शाता है?<br>**(a)** जुझारू<br>**(b)** आराम करने वाला<br>**(c)** दूसरों के काम को रोकने वाला<br>**(d)** तटस्थ रहने वाला | |
| **4.** | निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द प्रत्यय वाला नहीं है?<br>**(a)** मेहनतकश<br>**(b)** पानीदार<br>**(c)** पारम्परिक<br>**(d)** प्रयास | |
| **5.** | निम्नलिखित में से संख्यावाचक विशेषण छाँटकर लिखिए<br>**(a)** अथक मेहनत<br>**(b)** बहता पानी<br>**(c)** पन्द्रह सालों<br>**(d)** मेहनतकश लोग | |
| **II** | नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए\| | **5 marks** |
| | सदाचारी व्यक्ति अपने काम से बड़े बनते हैं। दुराचारी व्यक्ति दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके बड़प्पन बटोरना चाहते हैं। लेकिन एक न एक दिन उनकी कलई खुल जाती है। उनके अनुचित कार्य उनको कहीं का नहीं छोड़ते। इतना होने पर भी वे बेशर्म होकर अच्छे लोगों की बुराई करने में अपना समय बर्बाद करते रहते हैं। किसी की प्रशंसा सुनना उनके कानों को अच्छा नहीं लगता। इतने ही परिश्रम से यदि वे अच्छे कार्य करें, तो वे भी अच्छे आदमी बन सकते हैं, सम्मान पा सकते हैं। परन्तु वे अपनी आदत से मजबूर हैं, उनके मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है।<br>सदाचारी व्यक्ति अच्छे काम करके चैन की नींद सोता है और सुखी रहता है। दुराचारी व्यक्ति बुरे काम करके अपना सुख-चैन नष्ट करता है, अपने मन को बीमार करता है। मन की बीमारी कुछ दिनों में शरीर की भी बीमारी बन जाती है। | |
| **1.** | दुराचारी व्यक्ति किस प्रकार बड़प्पन बटोरना चाहते हैं? (सही विकल्प छाँटिए।)<br>**(a)** अच्छे काम करके<br>**(b)** दूसरों की प्रशंसा करके<br>**(c)** दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके<br>**(d)** दूसरों के काम में सहयोग करके | **1** |
| **2.** | .....दुराचारी व्यक्तियों के कानों को अच्छा नहीं लगता। (वाक्य पूरा कीजिए।)<br>**(a)** बुरा काम करना<br>**(b)** किसी की प्रशंसा सुनना<br>**(c)** संगीत सुनना<br>**(d)** किसी के घर जाना | **1** |
| **3.** | दुराचारी व्यक्ति अच्छे काम नहीं कर सकते, क्योंकि, ......। (सही कथन से वाक्य पूरा कीजिए।)<br>**(a)** मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है। | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | **(b)** उन्हें लोग कुछ करने नहीं देते हैं।<br>**(c)** वे किसी का साथ नहीं देते हैं।<br>**(d)** वे सबको सम्मान देते हैं। | |
| **4.** | मन की बीमारी कुछ दिनों में किसकी बीमारी बन जाती है**?**<br>**(a)** समाज की<br>**(b)** परिवार की<br>**(c)** राज्य की<br>**(d)** शरीर की | **1** |
| **5.** | सदाचारी व्यक्ति अच्छे काम करके ________________ सोता है<br>**(a)** समाज नींद<br>**(b)** चैन की नींद<br>**(c)** राज्य की नींद<br>**(d)** शरीर की नींद | **1** |
| | व्याकरण | |
| **III** | निर्देशानुसार प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए | |
| **1.** | 'नदी' शब्द का पर्यायवाची शब्द चुनिए \|<br>**A.** जलधि<br>**B.** जल<br>**C.** सरिता<br>**D.** पानी | **1** |
| **2.** | ' संभ्रांत' शब्द का सही अर्थ चुनिए \|<br>**A.** कला<br>**B.** कुलीन<br>**C.** गुस्सा<br>**D.** विशाल | **1** |
| **3.** | मैं <u>दिल्ली</u> जा आहा हूँ \| **[** रेखांकित शब्द का भेद चुनिए **]**<br>**A.** संज्ञा<br>**B.** सर्वनाम<br>**C.** विशेषण<br>**D.** क्रिया | **1** |
| **4.** | <u>उसने</u> पानी माँगा \|<br>**A.** संज्ञा<br>**B.** सर्वनाम<br>**C.** विशेषण<br>**D.** क्रिया | **1** |
| **5.** | 'विशाल' शब्द का विलोम शब्द चुनिए \|<br>**A.** जग<br>**B.** बड़ा | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| | C. विराट<br>D. छोटा | |
| | पाठ्यपुस्तक | |
| IV | सही मिलान कीजिए<br>A. रोहिणी — मिठाईवाला<br>B. सतलुज — रक्त और हमारा शरीर<br>C. श्वेत रक्त कण — मिठाईवाला<br>D. धागे — हिमालय की बेटियाँ<br>E. चुन्नू -मुन्नू — कठपुतली | 5X1 =5 |
| | खंड - ' ब ' ( वर्णनात्मक प्रश्न ) | |
| V | निम्नलिखि प्रश्नों के उत्तर लिखिए। | |
| 17 . | कठपुतली गुस्से से क्यों उबली ? | 1 |
| 18 . | ब्लड बैंक का क्या उपयोग है ? | 2 |
| 19 . | फेरीवाला पहले क्या लेकर आया था ? चुन्नू और मुन्नू ने क्या खरीदा ? | 2 |
| | लेखन | |
| VI | निम्नलिखत में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। | 5X1=5 |
| | (1)पर्यावरण प्रदूषण<br><br>अथवा<br><br>(2). इन्टरनेट<br><br>अथवा<br><br>(3) समय का महत्त्व | |
| VII | (1) आप रेणु है और आप अपनी दोस्त रीमा को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए ।<br><br>अथवा | 5X1=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | **(2)** अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए, जिसमें आप बुखार होने के कारण दो दिन के अवकाश की प्रार्थना कर रहे है। आप सम्राट अशोक पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल, पांडव नगर, दिल्ली के छात्र हो। | |
| **VIII** | **(1)** पर्यावरण संरक्षण पर नारा लेखन कीजिए<br><br>अथवा<br><br>**(2).** हिंदी दिवस के अवसर पर नारा लेखन कीजिए। | **3 X1=3** |
| **IX** | नीचे दिए गए चित्र में से किसी एक चित्र का वर्णन **4** वाक्यों में कीजिए | **2X1=2** |
| **(1)**<br><br>**(2)** | <br>अथवा<br> | |